an>

Title: Need to connect small villages having population of 250 persons to main roads under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana in the country.

डॉ. ढालसिंह बिसेन (बालाघाट): सभापति महोदय, मेरा शून्य काल का विषय इस प्रकार है।… (व्यवधान) पूर्व प्रधान मंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी के द्वारा ग्रामीण अंचल में आम जनता की सुविधा की दृष्टि से प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना का शुभारम्भ किया गया था, जो जनता के हित में बहुत ही लाभदायक सिद्ध हुई है।… (व्यवधान) इस योजना के अंतर्गत वर्तमान में वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर 250 की जनसंख्या तक के गांवों को एक ओर से मुख्य मार्ग से जोड़े जाने का प्रावधान है तथा वर्ष 2011 में जिन गांवों की आबादी 250 से कम थी, विगत 10 वर्षों में इन गांवों की आबादी 250 से अधिक हो चुकी है।… (व्यवधान)

ये ग्राम अभी भी प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से वंचित हैं। साथ ही, इस योजना में एक गांव को एक ओर मुख्य मार्ग से तथा दूसरे गांव को किसी अन्य दिशा से मुख्य मार्ग से जोड़ा गया है। उन्हें इंटरलिंक करने का कोई प्रावधान नहीं है। … (व्यवधान) इस कारण अनेक गांव एक दूसरे से जुड़े नहीं होने से ग्रामवासियों की मूलभूत आवश्यकताओं जैसे स्कूल, शिक्षा, चिकित्सा, राशन आदि के लिए कच्चे मार्ग से ही जाना पड़ता है। … (व्यवधान)

अतः माननीय पंचायत मंत्री महोदय से अनुरोध है कि जो गांव 250 की जनसंख्या से छूट गए हैं या अब जिनकी जनसंख्या 250 से अधिक हो गई है, उन गांवों को जोड़ने वाले इंटरलिंकिंग कच्चे मार्गों को प्रधानमंत्री सड़क योजना में सम्मिलित करने की योजना बनाकर, वहां पक्की सड़क बनाने की दिशा में कार्य योजना बनाने का निर्देश देने का कष्ट करें। धन्यवाद।… (व्यवधान)

माननीय सभापति : श्री आर. के. सिंह पटेल – उपस्थित नहीं।

श्री रतन लाल कटारिया ।